सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-198
25/04/2017

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के सुकमा में हुये नक्सली हमले में शहीद हुये जवानों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की : 05 लाख अनुग्रह राशि एवं पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा

पटना, 25 अप्रैल 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने छत्तीसगढ़ के सुकमा में हुये नक्सली हमले में शहीद जवानों की शहादत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। हमले में शहीद हुये जवानों में 6 जवान बिहार के है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि बिहार के 06 शहीद जवानों के निकटतम आश्रितों को राज्य सरकार की ओर से 05 लाख रूपये अनुग्रह राशि दिये जायेंगे, साथ ही शहीदों का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

******